## अजय जोशी अध्यक्ष, अजय काग सचिव मनोनित



**बड़वानी।** जिला आजीविका संविदा कर्मचारी संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन शनिवार को सर्वसम्मति से किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव बड़ोले, एबीएम संघ अध्यक्ष दीपक मुकाती एवं सभी एबीएम, बीएम, डीएम एवं डीपीएम द्वारा नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अजय जोशी को अध्यक्ष मनोनित किया। वहीं रणपतसिंह कनेश उपाध्यक्ष, सचिव अजय काग, कोषाध्यक्ष गणेश कुशवाह तथा सहसचिव शिवराम मोरे को बनाया गया है। संघ मार्गदर्शक मंडल में वरिष्ठ महादेव बड़ोले, याकुब मंसूरी, योगेश तिवारी, राहत शेख, श्रद्धा शर्मा, आयुषी पाटीदार, तेजकुमार काग, दीपक मुकाती एवं संजय बरफा को शामिल किया गया। जिला आजीविका संविदा कर्मचारी संघ ने सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई दी।

## वैष्णवी विहार की छात्राएं रही दूसरे स्थान पर

**बड़वानी।** उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में जिले भर की करीब 88 स्कूलों की टीम ने भाग लिया। जिनमें अंतिम राउंड में वैष्णवी विद्या विहार हासे स्कूल की छात्राओं ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सतीश कुमार व संचालक आरती हल्दीवाल ने कहा कि यह गौरव का विषय है। एमपी टूरिज्म क्वीज़ 2025 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता को छात्रा वैष्णवी डोडवे, प्रिया अनारे व आरती गुप्ता ने क्वालिफाई किया है। उप प्राचार्य हंसा राठौड़, राहुल मुकाती, मोहित गुप्ता ने सभी बच्चों को बधाई दी।

## प्रकृति, धर्म जागरण, सामाजिक सद्भाव की कामना लिए निकाली कावड़ यात्रा, नन्हेंश्वर महादेव का किया जलाभिषेक



**खरगोन।** श्रावण मास में कावड़ यात्राओं का दौर जारी है। रविवार के बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ शिवल मिलन धर्म जागरण कावड़ यात्रा निकाली गई। सुबह विशेष पूजन.अर्चन के बाद औरगंपुरा स्थित अति प्राचीन बड़घाटेश्वर महादेव मंदिर से भगवान महादेव के दर्शन किए। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को लेकर 1100 पौधों का वितरण कर कावड़ यात्रा की शुरुआत हुई। बम भोले के जयकारों के साथ कांधे पर कुंदा जल की कावड़ लिए धर्म जागरण शिव मिलन कावड़ यात्री नन्हेश्वर महादेव दर्शन ओर जलाभिषेक के लिए निकले। यात्रा संयोजक रवि जायसवाल ने बताया प्रकृति, धर्म जागरण, सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्र की समृद्धि की कामना लिए गत 11 वर्षों से अनवरत यात्रा जारी है।

## खिलाड़ियो ने अपने दिमागी दांव पेंच से शह और मात का खेल खेला

**खरगोन।** किसी ने अपने प्यादे से चाल चली, तो किसी ने अपने घोड़े को ढाई घर दौड़ाया, किसी के ऊट ने तिरछी चाल चली, तो किसी का हाथी सीधे चल रहा था। सभी का एक ही उद्देश्य था अपने राजा की रक्षा करते हुए सामने वाले को मात देना। अवसर था शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का। जिसमें जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 250 खिलाडियों ने दिमागी कसरत के खेल शतरंज में सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूडे एवं प्राचार्य रेणु राय की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ खेलकूद में सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जो विद्यार्थी खेलों में सहभागिता करते हैं उनका शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है। प्रतियोगिता में अंडर 14, 17,19 आयु वर्ग में 250 बालक- बालिकाओं ने सहभागिता की। चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

## 5 अगस्त को कॉलेज में होगा कारगिल विजय दिवस

**खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 05 अगस्त को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से होगा। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल शहीदों के सम्मान में समर्पित होगा, बल्कि छात्रों में देशभक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करेगा। मीडिया नोडल अधिकारी डॉ. गणेश पाटिल ने बताया कि देशभक्ति गीत, भाषण प्रतियोगिता, डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन तथा शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु दीप प्रज्वलन जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी। यह आयोजन 26 जुलाई से 08 अगस्त तक चलने वाले कारगिल विजय दिवस सप्ताह के अंतर्गत किया जा रहा है।

## विधि महाविद्यालय में एलएलएम पाठ्यक्रम के लिए किया निरीक्षण

**खरगोन।** शासकीय विधि महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए इसी शैक्षणिक सत्र से एलएलएम दो वर्षीय विधि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने की संभावना व्यक्त की जा रही हैं। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई के द्वारा दी गई हैं।

# एडवोकेट कय्यूम कुरैशी चुने गए नवागत सदर

### सुन्नत मुस्लिम जमाअत के सदर चुनाव सम्पन्न, लोकतांत्रिक तरीके से निष्पक्ष प्रणाली से मतदान और मतगणना हुई





**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर के पाटी रोड़ स्थित ईदगाह परिसर में 2 अगस्त 2025 को सुन्नत मुस्लिम अमाअत के सदर चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान समाज के चुनाव आम चुनावों की तरह लोकतांत्रिक तरीके से निष्पक्ष प्रणाली से मतदान और मतगणना संपन्न कराई गई। 5 राउंड में हुई मतगणना में एडवोकेट कय्युम कुरेशी नवागत सदर चुने गए। सदर चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशरफ खान, एडवोकेट फरीद शेख, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रो परवजे शेख, रजा हुसैन शेख सहित कुल 35 सदस्यीय चुनाव कमेटी गठित की गई थी।

### नज़र आया उत्साह

शनिवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक पांच बूथों पर मतदान प्रक्रिया चली। जिसमें आधार सहित आवश्यक दस्तावेजों की मूल छायाप्रति देखकर मतदान कराया। चुनाव को लेकर युवाओं सहित बुजुर्गों में काफी उत्साह नज़र आया सभी ने ईदगाह पहुंचकर मतदान किया। शाम 5 बजे से मतगणना शुरू की गई।

### 5 राउंड में हुई वोट की गिनती

कुल 5 राउंड में हुई मतगणना में 2405 वोट की गिनती हुई। इसमें 18 वोट निरस्त हुए। एडवोकेट कय्युम कुरेशी को 1312 और जावेद खान को 1075 वोट मिले। कय्युम कुरेशी 237 मतों से विजयी रहे। जिन्हें सुन्नत मुस्लिम जमाअत, सरपरस्तों और चुनाव कमेटी के मेम्बर्स द्वारा प्रमाण-पत्र दिया गया।

### पुलिस जवान रहे तैनात

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर थाने के पुलिस जवान तैनात रहे। मतदान और मतगणना के दौरान वीडियोग्राफी कराई गई।

**2 अगस्त को हुए चुनाव**

- 2 अगस्त को ईदगाह परिसर में सम्पन्न हुए सदर चुनाव।
- समाज के लोगों ने नवगात सदर को दी बधाई।

## कल आयोजित होगी राष्ट्रीय संवाद यात्रा

**बड़वानी।** भारतीय जैन संघटना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला के नेतृत्व में राष्ट्रीय संवाद यात्रा 5 अगस्त को अंजड़ में आयोजित की जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर सार्थक संवाद करना, समाज को सशक्त बनाना तथा नई दिशा प्रदान करना है। इस अवसर पर बीजेएस के डॉ पंकज चोपड़ा रायपुर राष्ट्रीय महासचिव, दीपक चोपड़ा नासिक राष्ट्रीय सचिव मध्यप्रदेश प्रभारी, अनिल रांका इंदौर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, साशा जैन उज्जैन राज्य अध्यक्ष मध्यप्रदेश, संदीप जटाले इंदौर राज्य महासचिव मध्यप्रदेश, धर्मेंद्र जैन अंजड़ संभागीय अध्यक्ष, कल्पना जैन जिलाध्यक्ष उज्जैन उपस्थित रहेंगे। संपूर्ण समाज से शामिल होने की अपील की है।

**एक नजर में** — विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर आयोजित की बैठक

# विशाल सांस्कृतिक रैली का होगा आगमन



**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी 04 अगस्त.**

आदिवासी होना एक विश्वास नहीं, बल्कि एक विचार है। एक ऐसा विचार जो दुनिया को बचाने की राह दिखा सकता है। उक्त बातें विश्व आदिवासी दिवस मनाने की तैयारियों को राजपुर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में लेकर हुई बैठक में मार्गदर्शन देते हुए जगदीश डावर ने कही।

### बैठक में लिया निर्णय

बैठक के दौरान आदिवासी समाज व सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता द्वारा सर्वसम्मति से ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम राजपुर में करने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति के सचिन पटेल ने बताया कि विश्वभर में हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में इसे मनाने की शुरुआत की थी। यह दिन दुनिया भर के आदिवासी समुदायों के अधिकारों, पहचान, संस्कृति और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। जिले के स्तर सहित विभिन्न ब्लॉक में भी समाजजनों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा।

### समाज के लोगों से की अपील

बैठक के दौरान पंकज गोरे, विजय गोरे, अखिलेश पटेल, जनपद सदस्य सुनील सोलंकी, अनिल बडोले, दिनेश चौहान, संदीप सोलंकी, अखिलेश बघेल, अजय अवासे, अर्जुन वास्कले, प्यारेलाल वास्कले, राजेंद्र मुजाल्दे, राधु वास्कले, विनोद, सुभाष निगवाल उपस्थित थे। सभी ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**1994 में की शुरूआत**

हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में इसे मनाने की शुरुआत की थी।

## शहर में निकली भक्ति से ओतप्रोत कावड़ यात्रा

**बड़वानी, ( नवभारत )।** सावन के पावन माह में भक्ति की उमंग के साथ शहर की जैमन कॉलोनी की महिलाओं द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कालका माता मंदिर से प्रारंभ होकर विद्युत मंडल मंदिर पहुंच सम्पन्न हुई। भक्ति ग्रुप की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते, भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में भाग लिया। श्रद्धा और उल्लास का ऐसा नज़ारा देखने को मिला कि मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कावड़ यात्रा में महिलाओं ने पूरे मार्ग में शिवभक्ति में लीन होकर जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में महिलाओं के उत्साह और सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि आस्था में कोई सीमा नहीं होती। समापन पर विद्युत मंडल मंदिर में सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर शहर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।



# पंच – ज अभियान के तहत वन विभाग की बीट में जाकर किया पौधारोपण



**मंडलेश्वर** / विधिक सेवा के पंच – ज अभियान में जन जानवर जल जमीन और जंगल का संरक्षण कर प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य किया जाता है।यह अभियान 5 जून से 15 अगस्त तक जारी रहेगा।वन विभाग भी मूल रूप से इसी भावना के साथ कार्य करता है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश पर जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने फॉरेस्ट रेंज मंडलेश्वर के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ सब रेंज बबलाई की चोली बीट और सब रेंज भकलाय की भकलाय बीट में पौधारोपण किया।मंडलेश्वर रेंज की रेंज ऑफिसर विमला मुवेल डिप्टी रेंजर विजय तारे डिप्टी रेंजर एस आर निराले और टीम के साथ पी एल वी दुर्गेश राजदीप और जोजू मुरियाडन ने भी वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने कहा कि विधिक सेवा के पंच – ज अभियान के तहत हमारा अभियान विभिन्न विभागों शासकीय शिक्षण संस्थानों पंचायतों में भी पौधारोपण करना है साथ ही जल स्त्रोतों की साफ सफाई करने उनका संरक्षण करने का कार्य भी किया जा रहा है विगत दिनों नर्मदा तट पर पी एल वी द्वारा साफ सफाई के साथ नगर परिषद के साथ वृक्षारोपण भी किया गया इस तरह सेवा प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का काम जागरूकता शिविर के माध्यम से करता है। रेंजर विमला मुवेल ने बताया कि मंडलेश्वर रेंज के भकलाय सब रेंज की भकलाय बीट में 20 हेक्टेयर के कूप में विभिन्न प्रजाति के 10 हजार पौधे रोपे गए है।जबकि सब रेंज बबलाई के चोली बीट के 30 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 हजार पौधे लगाए जा चुके है।



## अजाक्स द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान व उज्जवल भविष्य के लिये शिक्षा का महत्व बताया

**खरगोन** निप्र-मध्यप्रदेश अजाक्स के प्रांताध्यक्ष माननीय श्री जे.एन.कांसोटिया सा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के अजाक्स चला गांव की ओर उद्देश्य को लेकर अजाक्स खरगोन जिलाध्यक्ष बलीराम निगोले जिला कोषाध्यक्ष एस.के.अटोदे जिला महासचिव प्रशासन गोपीचंद सहिते जिला सचिव जी.एल. आर्से खरगोन तहसील अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह रावत भगवानपुरा तहसील अध्यक्ष श्री सुमेर सिंह जाधव ने बताया की खरगोन जिले की समस्त तहसीलों में अनुसूचित जाति जनजाति के कक्षा 10वी व12 वी में वर्ष 2025 के प्रतिभावान मेघावी, भगवानपुरा तहसील के टापर अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञ )कक्षा 10 वी व कक्षा 12 वी के 04 व अनुसूचित जाति ( स्ष्ट) कक्षा 10वी व 12 वी के 04 कुल 08 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट प्राप्त करने पर मध्यप्रदेश अजाक्स जिला द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में ----किरेश सेंगर, कु.राधा निगोले , श्रीया उमेश मनाग्रे, गोरेलाल सुखलाल, आशा जाधव, बसु भंवरे, कु.दुर्गा वर्मा , व कु.राधिका भालसे इन छात्र , छात्राओं को संविधान निर्माता बाबा साहेब का छाया चित्र व महापुरुषों का अंकित शील्ड प्रदान कर सम्मानित व प्रोत्साहित कर उज्जवल भविष्य के लिये शिक्षा के प्रति जागरूक व सजग रहकर विद्याध्यन करना चाहिए जिससे अपने माता-पिता,समाज, गांव व जिला व अपने प्रदेश में नाम रोशन हो सके ।

यह आयोजन दिनांक 02 अगस्त 2025 वार शनिवार समय दोपहर 4.00 बजे शा.उत्कृट उ.मा. वि. भगवानपुरा में आयोजित किया गया।

# पैरामाउंट में एन सी सी एवं एन एस एस प्रारंभ



**कसरावद।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी कसरावद ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन , एकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु विद्यालय को राष्ट्रीय क्रेडिट कार्प हृष्ट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (हृस्स्) की एक इकाई आवंटित की गई है। विद्यालय के सोसल मीडिया प्रभारी सपन शर्मा ने बतलाया कि विद्यालय को एन सी सी हेड क्वार्टर द्वारा एन सी सी के गठन की अनुमति दी गई है। विद्यालय को 36 स्क्कबटालियन में खंडवा एन सी सी के 25 बच्चों की इकाई बनाने का निर्देश दिया है।इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री सचिन पाटीदार को सी टी ओ केअर टेकर ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जो एन सी सी का प्रभार देखेंगे। झंडावंदन के उपरांत सी टी ओ सचिन पाटीदार ने बच्चों को एन सी सी की विस्तृत जानकारी दी। किस तरह बच्चे देश की सेनाओं तक एन सी सी के माध्यम से पहुँच सकते है यह भी कक्षाओं में दिखाया गया। इसी क्रम में विद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना से भी जोड़ा। यह इकाई 100 विद्यार्थियों को समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करेगी। एनएसएस इकाई के प्रभारी के रूप में श्री प्रितेशजी पाटीदार तथा सह-प्रभारी के रूप में श्री योगेश्वर बोरसे जी को नियुक्त किया गया है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष से की भेंट ग्रामीणों की समस्या बताई



**पानसेमल, ( नवभारत )।** क्षेत्रवासियों को मिलने वाले नवाड़ पट्टों में हो रहे विलंब को लेकर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के निवास पर अजजा मोर्चा जिलामंत्री व जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे ने ग्रामीणों के साथ रविवार भेंट की। इस दौरान नवाड पट्टों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के लिए चर्चा की। मलंगाव के हितग्राही, जपं सदस्य देवीसिंह नावड़े, दिवान भोसले एवं ग्रामीण मौजूद थे। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में वर्षों से लंबित नवाड पट्टों के वितरण में आ रही प्रशासनिक बाधाओं के कारण पात्र हितग्राहियों को लाभ न मिलने व सर्वे संबंधित समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। आर्य ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे इस विषय को प्राथमिकता से अधिकारियों के समक्ष रखकर आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध बनाया जाए।

**एक नजर में** — चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना...

# रफी- किशोर को उन्हीं के नग्मों से किया याद, प्रस्तुति ने बांधा समा




**खरगोन।शहर के गौरिधाम स्थित देवयानी सभागार में शनिवार की देर शाम संगीत का सफर सत्यम शिवम-सुंदरम गीत की प्रस्तुति से प्रारंभ होकर चलते.चलते मेरे ये गीत याद रखना...कभी अलविदा ना कहना.. पर समाप्त हुआ। देर रात तक चली इस संगीत की महफिल में महान गायक रफी-किशोर के नग्मों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

पार्श्व गायक सुरों के सरताज मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि ओर निमाड़ के सपूत हरफनमौला गायक किशोर कुमार के जन्मदिन 4 अगस्त के उपलक्ष्य में आयोजित इस संगीत निशा का आयोजन शहर के सुर.सागर म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा किया गया था। पहली प्रस्तुति शहर की सुरीली गायिका पूजा आटोदे ने दी। उन्होंने सत्यम.शिवम.सुंदरम के टाईटल गीत की प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को भाव.विभोर कर दिया। संगीत के इस सुरमई आयोजन में शहर के कलाकारों ने एकल ओर युगल प्रस्तुतियों से पूरे समय श्रोताओं को बांधे रखा। मुकेश बनकर ने बदन पे सितारे लपेटे हुये.. गीत से माहौल को रोमांटिक किया, वहीं युगल गीत पर्वत के पीछे चम्बे दा गांव.. पर मनोज शर्मा ओर सुमधुर गायिका पूनम मांडे, अमजद अली ओर पूनम मांडे ने रिमझिम के गीत सावन गाये.., योगेश पटेल और पूजा अटोदे ने सागर किनारे, दिल ये पुकारे.. तरुण सोनी ओर पूजा अटोदे ने छुप गये सारे नज़ारे, ओये क्या बात हो गई.. गाकर श्रोताओं की तालियां बटौरी। इसी कड़ी में आरिफ खान और पूनम मांडे ने दीवाने है दीवानों को न घर चाहिये.. गीत गाकर जहां माहौल को खुशनुमा बना दिया वहीं जावेद अली ओर नासिर अली ने युगल प्रस्तुति से श्रोताओं की खूब दाद बटौरी। शहर के युवा गायक हितेश निमाड़े ने अपनी मस्तीभरी प्रस्तुतियों से निमाड़ के सपूत खंडवे वाले किशोर कुमार की यादों को ताजा कर दिया। देर शाम से शुरू हुई संगीत की इस बंयार मे श्रोता देर रात तक झूमते रहे। आयोजन के अतिथि सुभिषी नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर काकू भाई, वरिष्ठ पत्रकार अजीजुद्दीन शेख ओर अलीम शेख ने शहर की गायिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। किशोर मंच खंडवा द्वारा आयोजित गायन स्पर्धा में जिले का नाम रोशन करने वाले मुबारिक खान ओर संचालन के लिये मुशर्रफ खान को सम्मानित किया गया। आभार मनोज शर्मा ने माना।